कुलसचिव
Registrar

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
रीवा – 486003 (म.प्र.)
Awadhesh Pratap Singh University
Rewa - 486 003 (M.P.)
Ph : 07662 - 230050, 233040 (O.)
Fax : 07662 - 233866
e-mail regapsu@gmail.com

राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2019–20

क्रमांक/अ.छा.क./युवा उत्सव/2019/682 रीवा, दिनांक 19.11.2019

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त संबंधित
विश्वविद्यालय (संलग्न सूची अनुसार)
मध्य प्रदेश

विषय– राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2019–20
संदर्भ– म.प्र.शासन उच्च शिक्षा का विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक पत्र क्रमांक 654/01/रासेयो/2019/38 दिनांक 30.08.2019 एवं पत्र क्रमांक 677/01/रासेयो/2019/38 दिनांक 12/09/ 2019

महोदय,

संदर्भित विषय में आपको अवगत कराते हुये अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है कि सत्र 2019–20 के मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय अन्तर विश्वविद्यालय युवा उत्सव को सम्पन्न करवाने का दायित्व उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा को प्रदान किया गया है। यह आयोजन विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में दिनांक 28, 29, 30 दिसम्बर 2019 तक होना निर्धारित है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 844/रा.से.यो./2019/38 दिनांक 11.11.2019 अवलोकनार्थ संलग्न है। इसमें मध्य प्रदेश शासन की मार्गदर्शिका के अनुसार 22 विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। आप विश्वविद्यालय स्तर में चयनित प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों के दल को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सम्मिलित होने हेतु भेजें।

आपसे अनुरोध है कि कृपया तद्नुरूप अपने विश्वविद्यालय का दल भेजना सुनिश्चित करें। एक दल की अधिकतम संख्या 57 प्रतियोगी छात्र, 10 संगतकार एवं दो प्रभारी अधिकारी (एक महिला एवं एक पुरूष) को सम्मिलित करते हुये दल की संख्या 69 होनी चाहिये/ विश्वविद्यालय से चयनित प्रतिभागी, संगतकार, टीम मैनेजरों की संख्या एवं आयोजन में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित प्रपत्र "स" में स्वीकृति 10/12/2019 तक अनिवार्य रूप से भेजें। ताकि आवास एवं अन्य व्यवस्थायें सुचारू रूप से की जा सके। उक्त जानकारी आवश्यक रूप से स्पीड पोस्ट डाक, फैक्स, ई–मेल के माध्यम से आयोजक विश्वविद्यालय को भेजें।

प्रो. एस.एल. अग्रवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, 9425363553, dswapsurewa15@gmail.com या प्रो. अतुल पाण्डेय, प्रभारी संस्कृतिक प्रकोष्ठ 9425471030 atulpandey1@yahoo.com से विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

आपसे अनुरोध है कि :–

1 विधाओं में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री प्रतिभागी दल को स्वयं लानी होगी।

2 मौसम ठंडा होने के कारण प्रतिभागी दल आवश्यकतानुसार बेडिंग स्वयं लायें।

3 छात्रों की प्रतियोगिता के लिये मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मार्गदर्शिका के निर्देशें के परिपालन में समस्त दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।

4 पंजीयन शुल्क प्रति सदस्य 1000/(एक हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट/चैक "कुलसचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा" के नाम पर देय होगा। *

5 (i) उद्घाटन सत्र के पूर्व समस्त विश्वविद्यालयों के दलों की सॉस्कृतिक शोभा यात्रा आयोजित की जावेगी। प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने साथ संबंधित विश्वविद्यालय के दो ध्वज एवं विश्वविद्यालय का नाम दर्शाने वाले दो बैनर अनिवार्यतः लायेगा। दल के प्रभारी शिक्षक अपना एक ध्वज आयोजक को प्रदान करेंगें जो उन्हें प्रतियोगिता समाप्ति के उपरॉत वापिस कर दिया जावेगा।

(ii) विश्वविद्यालय के नाम वाले बैनर का उपयोग सॉस्कृतिक शोभा यात्रा के लिये किया जावेगा।

6 प्रतिभागी दल पात्रता प्रमाण–पत्र एवं नवीनीकृत परिचय पत्र एवं दो फोटोग्राफ पासपोर्ट साईज अनिवार्यतः साथ में लाये।

7 सुरक्षा राशि 1000/– जमा करनी होगी जो अनापत्ति के बाद वापस कर दी जावेगी।

8 निर्धारित संख्या से अधिक 69 से अधिक होने पर प्रति व्यक्ति 1000/– शुल्क जमा करना होगा। प्रपत्र "अ" "ब" "स" "द" डाउनलोड करने हेतु एवं अपडेट के लिये अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की वेवसाइट www.apsurewa.ac.in पर कर सकते हैं।

आपकी सकिया भागीदारी, सहयोग एवं सुझावों की प्रत्याशा में सधन्यवाद।

टीप– प्रपत्र "अ" "ब" "स" "द" एवं युवा उत्सव विभिन्न प्रतियोगिताओं के विधावार नियम अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की बेबसाईट www.apsurewa.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। सुलभ सन्दर्भ हेतु प्रपत्र "अ" "ब" "स" "द" संलग्न है।

संलग्न प्रपत्र– "अ" "ब" "स" "द"

भवदीय

कुलसचिव
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
रीवा

*पंजीयन शुल्क RTGS के माध्यम से भी खाता कमांक 21007684963, IFSC कोड ALLA0211132 इलाहाबाद बैंक अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा में जमा कराया जा सकता है।

पृ.क्रमांक/अ.छा.क./युवा उत्सव/2019/683 रीवा, दिनांक 19-11-2019

1 माननीय मंत्रीजी/राज्य मंत्रीजी उच्च शिक्षा विभाग के निज सहायक की ओर सूचनार्थ।

2 निजसचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी/कुलसचिव के निज सहायक, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर सूचनार्थ।

3 डॉ. जयश्री मिश्रा अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।

4 डॉ. आर.के. विजय राज्य सम्पर्क अधिकारी एन.एस.एस. अधिकारी मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।

5 निज सहायक प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।

6 अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय शिल्पी प्लाजा रीवा की ओर सूचनार्थ।

7 समस्त अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण सम्बन्धित विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं उचित कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

8 प्रभारी ऑनलाइन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/11/19

प्रो. एस.एल. अग्रवाल

अधिष्ठाता(छात्र कल्याण)